## खबर संक्षेप

### जिले में 694.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में 1 जून से 4 अगस्त तक 694.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है,जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में काफी अधिक है। पिछले साल यह आंकड़ा 430.7 मिलीमीटर था। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मिलीमीटर है।

### जिले में अब तक 726 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से रविवार 3 अगस्तश तक कुल 726 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 973 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 535.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 35.5 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 743.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 973 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 632 मिलीमीटर, बरही तहसील में 574 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 679.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 675.4 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 844.2 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 683 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### आदतन अपराधी को हर माह थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने दुर्गा मंदिर के पास राबर्ट लाईन थाना माधवनगर निवासी अजय उर्फ अज्जू लालवानी पिता धनश्यामदास लालवानी 28 वर्ष के विरूद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना माधवनगर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। अजय के विरूद्ध अब तक 23 आपराधिक प्रकरण दर्ज किये जा चुके हैं। इसमें घर में घुसकर चोरी करना, धमकी देना, अवैध हथियार कब्जे में रखना, मानव जीवन को संकट में डालना, सट्टा खिलाना, जुआ खेलना, शासकीय कार्य में बाधा डालना एवं अवैध वसूली करना जैसे गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा अजय के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी की गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ। अजय लालवानी द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक हर माह थाना माधवनगर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### पिकअप की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**कटनी।** तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्क्र मार दी। हादसे में घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल भिजवाते हुए पुलिस ने पिकअप को जप्त कर लिया है। हादसा कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत खडौला नदी के पास रविवार शाम करीब 4 बजे हुआ। बताया जाता है कि बाइक सवार युवकों को टक्कर मारते हुए पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया था, हादसे के बाद से पिकअप चालक फरार बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्राम घघरी कला निवासी 32 वर्षीय उदय भान सिंह पिता सोहन सिंह बाइक में पेट्रोल भरवाने घर से ग्राम चनहटी के पास स्थित पेट्रोल पंप गया था। पेट्रोल भरवाने के बाद जब वह घर वापस लौट रहा था।

## सावन के आखिरी सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी



# बिरसिंहपुर गैवी नाथ मंदिर, जगतदेव तालाब स्थित शंकर मंदिर पशुपतिनाथ के शिव मंदिर में देर रात तक होता रहा अभिषेक







**सतना।**

सावन के अंतिम सोमवार को बिरसिंहपुर के ऐतिहासिक गैवी नाथ धाम मंदिर और सतना के ऐतिहासिक जगदेव तालाब स्थित शंकर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना की। इसी प्रकार पशुपतिनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ देखी गई। मंदिरों में देर शाम तक भगवान की पूजा अर्चना और अभिषेक चलता रहा।

श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने और अपने व्रत का उद्यापन करने के लिए पहुँचने लगे थे। इस दिन का विशेष महत्व होता है क्योंकि यह सावन के पवित्र महीने का समापन होता है,और भक्तजन पूरे महीने की गई पूजा और तपस्या का फल प्राप्त करते हैं।

### सावन के अंतिम सोमवार का उत्साह

बिरसिंहपुर स्थित गैवी नाथ धाम मंदिर में भक्तों का सैलाब देखने को मिला। सुबह 5 बजे से ही भक्तों ने जलाभिषेक करना शुरू कर दिया था। मंदिर समिति के प्रधान ने बताया कि इस बार सावन के आखिरी सोमवार को भक्तों की संख्या काफी अधिक थी।भक्तों ने भगवान शिव को जल,दूध, बेलपत्र, धतूरा और फूल अर्पित किए। कई भक्तों ने इसी दिन अपने सभी सावन के सोमवार व्रतों का उद्यापन किया और भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की।

### जगतदेव तालाब और अन्य मंदिरों में भी भीड़

सतना के ऐतिहासिक जगदेव तालाब स्थित शिव मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। यहाँ भी सुबह से ही भक्तिमय माहौल था। मंदिरों के बाहर लंबी कतारें लगी हुई थीं। भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज रहा था। सतना के अन्य प्राचीन शिव मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### व्रत का उद्यापन और लंगर का आयोजन

जिन भक्तों ने सावन के सभी सोमवार का व्रत रखा था,उन्होंने अंतिम सोमवार को विशेष पूजा-पाठ के साथ अपने व्रत का उद्यापन किया।गैवी नाथ धाम मंदिर में भक्तों के लिए एक विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया।इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस तरह के आयोजनों से भक्तों में आपसी प्रेम और सद्भाव की भावना बढ़ती है।

### प्रसाद वितरण और बच्चों का उत्साह

इस पावन अवसर पर खीर और हलवे का प्रसाद तैयार किया गया था,जिसे भक्तों में वितरित किया गया। बड़ों के साथ-साथ बच्चों ने भी बड़े उत्साह से प्रसाद लिया। प्रसाद वितरण का यह कार्य मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में भी किया गया।

### श्रद्धा और भक्ति का संगम

सावन का आखिरी सोमवार सतना के लिए आस्था और भक्ति का एक बड़ा पर्व बन गया। भक्तों ने अपनी श्रद्धा और समर्पण से भगवान शिव को प्रसन्न करने का प्रयास किया। यह दिन न केवल व्रत और पूजा का दिन था, बल्कि यह पूरे समुदाय को एक साथ लाने वाला एक सामाजिक और आध्यात्मिक अवसर भी था। सावन के इस अंतिम सोमवार ने भक्तों को अगले साल फिर से भगवान शिव की आराधना करने की प्रेरणा दी।

## प्राचीन गोलामठ मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**मैहर।**



प्राचीन गोलामठ मंदिर में सावन माह के आखिरी सोमवार को शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु लंबी कतारों में लगकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक,रुद्राभिषेक और पूजा-अर्चना कर रहे थे।'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। कलचुरी काल के 11 वीं शताब्दी में निर्मित इस मंदिर में श्रद्धालु शिवलिंग को कच्चा दूध,दही,भांग,धतूरा और बेलपत्र चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं पूरी करने की प्रार्थना कर रहे हैं। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था और भक्तों की सुविधा के लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की थीं।

## परसमनिया चौकी के पास एक तालाब में डूबने से एक युवक की मौत

**सतना।**



जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र के परसमनिया चौकी के पास एक तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक ने अपनी पत्नी को बचाने की कोशिश की,लेकिन अपनी जान गंवा बैठा। यह दर्दनाक घटना सोमवार सुबह को हुई। परसमनिया निवासी 32 वर्षीय राज बहादुर सिंह अपने परिवार के साथ घर के पास स्थित तालाब में नहाने गए थे। कुछ दिन पहले उनके परिवार में एक बच्चे की मौत हुई थी,जिसके बाद सभी लोग तालाब में स्नान करने के लिए गए थे। इसी दौरान,राज बहादुर की पत्नी अंजू फिसलकर तालाब के गहरे पानी में गिर गईं। पत्नी को डूबता देख राज बहादुर ने बिना देर किए तालाब में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने अंजू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया,लेकिन वह खुद गहरे पानी में फंस गए और डूब गए। जब तक आसपास के लोग उन्हें बाहर निकालते,तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिवार वाले तुरंत राज बहादुर को लेकर उचेहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे,जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मैहर में अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**मैहर।** थाना बदेरा क्षेत्र के भगवंत नगर गाँव में 4 अगस्त को एक अज्ञात पुरुष का शव मिला है। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच है और शव 4-5 दिन पुराना लग रहा है। शव से दुर्गंध आ रही थी।मृतक ने नीली जींस पैंट और सफेद बनियान पहनी हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा दिया है। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए पोस्टर जारी किया है और आम लोगों से मदद की अपील की है। यदि कोई व्यक्ति मृतक को पहचानता है या उसके बारे में कोई जानकारी रखता है तो वह तुरंत थाना बदेरा या संबंधित पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर सकता है। मृतक के पैर में एक गोदना गुदा हुआ है,जो पहचान में मदद कर सकता है।

## एकेएस विश्वविद्यालय में स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### "मां का दूध शिशु का अधिकार" थीम पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**सतना**

एकेएस विश्वविद्यालय में स्तनपान सप्ताह के अवसर पर 2 अगस्त को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वूमेन डेवलपमेंट सेंटर और अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मधु गुप्ता,डॉ.अनुपमा तिवारी एवं वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती मनीषा सिंह उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने छात्राओं और महिला स्टाफ को स्तनपान के लाभ,वैज्ञानिक तथ्यों,मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों तथा इस विषय से जुड़े सामाजिक मिथकों को तोड़ने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग से डॉ.मधु गुप्ता,बायोटेक्नोलॉजी विभाग से डॉ.अश्विनी ए.वाऊ वूमेन डेवलपमेंट सेंटर की सदस्य डॉ.रमा शुक्ला,डॉ.पूनम सिंघारिया,सीमा द्विवेदी सहित अन्य महिला स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहीं। छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सीमा द्विवेदी एवं निशा खरे ने कुशलतापूर्वक किया। इस दौरान "मां का दूध शिशु का अधिकार" विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन वूमेन डेवलपमेंट सेंटर की निदेशक प्रियंका बागरी द्वारा किया गया। उन्होंने सभी मुख्य अतिथियों,वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक सोच विकसित होती है और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में मदद मिलती है। वूमेन डेवलपमेंट सेंटर एवं एकेएस विश्वविद्यालय परिवार की ओर से सभी उपस्थित जनों का हृदयपूर्वक धन्यवाद किया गया।

## कथा सम्राट प्रेमचंद पर विचार गोष्ठी आयोजित

**सतना**



प्रगतिशील लेखक संघ की सतना जिला इकाई ने कथा सम्राट प्रेमचंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का सफल संचालन इकाई के अध्यक्ष संतोष खरे ने किया। गोष्ठी का मुख्य विषय 'प्रेमचंद ने कहा था' था,जिसका प्रवर्तन महासचिव विजय शंकर चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने बताया कि प्रगतिशील लेखक प्रेमचंद से बहुत लगाव रखते हैं। पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने प्रेमचंद की कहानियों को जीवनभर याद रहने वाली कहानियाँ बताया। इस गोष्ठी में श्रीराम मिश्रा,आदित्य प्रताप सिंह,कुंवर अजीत प्रताप सिंह,टीपी पाण्डेय,धर्मेंद्र सिंह बघेल,डॉ.अजय तिवारी,रफीक सतनवी,डॉ.रामयश बागरी,गोरखनाथ अग्रवाल,मयंक अग्निहोत्री,अजीज अहमद कुरैशी,और अमित शुक्ल ने भी अपनी बातें रखीं और प्रेमचंद की रचनाओं को कालजयी एवं प्रासंगिक बताया। इस कार्यक्रम में चित्रकूट के विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार भी शामिल हुए। उन्होंने पद्मश्री दाहिया से उनकी मशहूर व्यंग्य कविता 'सपने में विधायक' सुनने का आग्रह किया। इस अवसर पर ज्योति सिंह राय,अनुपम दाहिया,योगेश योगी,जितेंद्र तिवारी,कमलकांत बारी,अनिल कुमार गौतम, मोहम्मद शकील मंसूरी,संस्कार और अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शासकीय स्कूल के प्राचार्य पर अभद्रता का आरोप

*__मैहर।__ शासकीय संदीपनी स्कूल के प्राचार्य दिनेश पुरी गोस्वामी पर अभिभावकों से अभद्रता करने का आरोप लगा है। एक छात्र के परिजन 12वीं की अंकसूची में त्रुटि सुधार के लिए प्राचार्य के पास गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी सतना ने उन्हें सभी दस्तावेजों पर प्राचार्य के हस्ताक्षर और सील लगवाने को कहा था। जब परिजन सोमवार को प्राचार्य के पास गए, तो उन्होंने हस्ताक्षर करने से साफ मना कर दिया और कहा कि वे जिला शिक्षा अधिकारी को नहीं जानते। प्राचार्य के इस बर्ताव से उनके मानसिक स्वास्थ्य पर सवाल उठ रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि ऐसे प्राचार्य बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने मैहर कलेक्टर महोदया से इस मामले में ध्यान देने और सख्त कार्रवाई करने की अपील की है।*

## हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य जल्द पूरा करें: कमिश्नर

*__सतना।__ कमिश्नर बीएस जामोद ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 'हर घर में नल से जल' योजना के सभी काम समानांतर रूप से चलाए जाएं ताकि तय समय-सीमा में लक्ष्य पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के साथ-साथ इंटेक वेल,पम्पिंग और टंकी निर्माण जैसे कार्य भी एक साथ किए जाएं। कमिश्नर ने जल कर की वसूली में ग्राम पंचायतों और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया और लोगों को पानी का दुरुपयोग न करने के लिए जागरूक करने को कहा।*

## पुलिस अधीक्षक ने पर्वतारोही अंजना सिंह का किया सम्मान

**मैहर**




पुलिस अधीक्षक ने हाल ही में यूरोप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एल्ब्रुस को फतह करने वाली पर्वतारोही अंजना सिंह का सम्मान किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में अंजना सिंह को शॉल,श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कई स्कूलों से स्कूली छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया था ताकि वे अंजना की सफलता से प्रेरणा ले सकें। अंजना सिंह ने छात्राओं के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि जीवन में सफलता संघर्ष से ही मिलती है। इस अवसर पर मैहर पुलिस की पहल पर पिछले 10 महीनों से चल रहे बालिका जागरूकता कार्यक्रम 'प्रबोधिनी' पर भी चर्चा हुई। एडिशनल एसपी श्रीमती चंचल नागर और पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं के सवालों का विस्तार से जवाब दिया और बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा।

## लोक सेवा केंद्रों पर प्रकरणों का निपटारा करेंगे प्राधिकृत अधिकारी

**सतना**

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा केंद्रों के प्राधिकृत अधिकारी निर्धारित दिनों में स्वयं केंद्रों पर बैठकर आवेदनों का निपटारा करेंगे।उन्होंने चेतावनी दी कि विसंगतिपूर्ण स्व-घोषणाओं के आधार पर प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित राजस्व मामलों की भी समीक्षा की गई।कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अपनी ग्रेडिंग सुधारने और 50 दिनों से अधिक पुरानी शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए।

## रक्षाबंधन पर केंद्रीय जेल में बंदियों से मुलाकात के लिए दिशा-निर्देश

**सतना।** जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने रक्षाबंधन के अवसर पर सतना केंद्रीय जेल में बंदियों से मुलाकात के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 9 अगस्त को पुरुष बंदियों से सिर्फ परिवार की महिला सदस्य और 6 साल तक के बच्चे ही मिल सकेंगे। महिला बंदियों के भाइयों को दोपहर 12 बजे के बाद मुलाकात का समय मिलेगा। मुलाकात का समय अधिकतम 10 मिनट होगा और इसके लिए आधार कार्ड जैसे पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। जेल के अंदर मोबाइल,पर्स या पके हुए भोजन जैसी चीजें ले जाने की अनुमति नहीं होगी,सिर्फ पैक मिठाई और फल ही ले जाए जा सकेंगे।

## 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान

**मैहर।** मैहर और सतना जिले में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। इसका पहला चरण 2 से 8 अगस्त तक वातावरण निर्माण की गतिविधियों पर केंद्रित है। दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता और जागरूकता कार्यक्रमों पर होगा।तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक घरों, कार्यालयों और वाहनों पर तिरंगा फहराने के लिए समर्पित है। अभियान में पंचायतों और स्थानीय संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

## एमबीबीएस और बीडीएस प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 अगस्त तक

**सतना।** सतना और मैहर जिले के भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए एमबीबीएस और बीडीएस सीटों हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनींद्र त्रिपाठी (से.नि.) ने बताया कि केंद्रीय सैनिक बोर्ड की वेबसाइट पर मरम्मत का काम चल रहा है,इसलिए योग्य उम्मीदवार www.desw.gov.in या www.dgrindia.gov.in वेबसाइट पर दिए गए गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## मैहर में राजस्व अधिकारियों का विरोध, 6 अगस्त से कार्य बहिष्कार की घोषणा

**मैहर।** मैहर स्थित राजस्व अधिकारियों ने न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यों के विभाजन के विरोध में आंदोलन फिर से शुरू कर दिया है। 6 अगस्त से प्रदेश भर के राजस्व अधिकारी आपदा प्रबंधन को छोड़कर सभी कार्यों का बहिष्कार करेंगे। यह निर्णय 45 जिलों की इकाइयों की आपात बैठक में लिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार ने विभाजन योजना को लागू कर दिया है,जबकि पहले दिए गए आश्वासनों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान अधिकारियों ने मैहर कलेक्टर रानी बाटड को ज्ञापन सौंपा। विरोध प्रदर्शन के तहत,सभी अधिकारी अपने वाहन जमा करेंगे,डिजिटल सिग्नेचर के डोंगल सीलबंद करके जिलाध्यक्षों को सौंपेंगे,और आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप छोड़ देंगे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत ने स्वास्थ्य अमले को मुक्त करने बीएमओ को सौंपा अनुशंसा पत्र



**पन्ना।** ग्राम पंचायत खमतरा अंतर्गत गिधौड़ा गांव में 21 जुलाई से फैल रही उल्टी-दस्त की बीमारी अब पूरी तरह नियंत्रण में आ गई है। बीमारी की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत की सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर के बीएमओ डॉ. सर्वेश कुमार लोधी के नेतृत्व में स्वास्थ्य अमले की तैनाती की गई थी। आज सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे स्थानीय आरोग्य उपस्वास्थ्य केंद्र में पंचायत सरपंच द्वारा बीएमओ को स्वास्थ्य अमले को कार्यमुक्त करने हेतु अनुशंसा पत्र सौंपा गया। बीजेपी मंडल उपाध्यक्ष ध्रुव सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तत्परता और कर्मचारियों की मेहनत के चलते बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सका है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को इस सफल प्रयास के लिए धन्यवाद दिया।

### लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में रोपे पौधे




**पन्ना।** पन्ना जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निरंतर पौधरोपण की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस क्रम में सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तत्वाधान में कलेक्टेट स्थित लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। साथ ही वायुदूत अंकुर एप पर फोटो अपलोड की गई। सभी शासकीय सेवकों द्वारा पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया।उल्लेखनीय है कि पौधरोपण अभियान अंतर्गत संबंधित विभागों द्वारा जिले में लगातार लक्ष्य मुताबिक पौधरोपण का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय स्थित पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस मौके पर सहायक संचालक उद्यान प्रदीप श्रीवास्तव सहित ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संजीत बागरी, धर्मेन्द्र सिंह, ईश्वर दयाल अहिरवार, आरती सिंह एवं सोनाली असाटी भी उपस्थित रहीं।

### परिवहन विभाग की टीम ने की स्कूली वाहनों की चेकिंग



**पन्ना।** परिवहन विभाग द्वारा जिले में निरंतर स्कूल वाहनों का चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। विभाग के दल द्वारा देवेन्द्रनगर एवं सलेहा क्षेत्र में अभियान चलाकर 19 वाहनों को चेक किया गया। इसमें से 6 वाहनों में बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक उपाए नहीं बरतने तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने पर 39 हजार रूपए की चालानी कार्यवाही की गई। बस संचालकों और स्कूल प्राचार्य को उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन मुताबिक बस संचालन करने सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए गए। साथ ही निर्धारित नियमों को पालन करने की समझाईश दी गई तथा लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी। इस दौरान यह भी बताया गया कि सभी वाहनों में परमिट, बीमा और फिटनेस सर्टिफिकेट इत्यादि दस्तावेज अनिवार्य रूप से होना चाहिए। आगामी दिवसों में भी यह अभियान निरंतर संचालित रहेगा।

### सावन के अंतिम सोमवार को करही से निकली भव्य कावड़ यात्रा



**पवई।** सावन मास के अंतिम सोमवार को पवई नगर से सटे ग्राम करही से सैकड़ों शिवभक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य कावड यात्रा निकाली। भोलेनाथ की भक्ति में लीन कांवड़िए करही ग्राम से कूच कर जयकारों के साथ माँ कलेही की नगरी पवई पहुंचे। पवई पहुंचने के बाद कांवड़ियों ने कलेही घाट से पवित्र जल भरकर डाहीखेरा स्थित प्राचीन शिव मंदिर की ओर प्रस्थान किया।

# अधीक्षण अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम ने 33/11 केव्ही धरमसागर पन्ना एवं पन्ना एफओसी का किया औचक निरीक्षण

प्रमोद कुमार गडाम अधीक्षण अभियंता मप्र पूर्व क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड पन्ना वृत्त एवं एस.के. माहोर कार्यपालन अभियंता एसटीसी/एसटीएम पन्ना द्वारा 33/11 केव्ही उप केन्द्र धरमसागर पन्ना एवं एफओसी का औचक निरीक्षण किया तथा अधीक्षण अभियंता ने निरीक्षण के दौरान दिये सुझाव





**हरिभूमि न्यूज, पन्ना।**

33/11 केव्ही उप केन्द्र धरमसागर पन्ना एवं एफओसी का औचक निरीक्षण अधीक्षण अभियंता म0प्र0 पूर्व क्षेत्र विघुत वितरण कंपनी लिमिटेड पन्ना वृत्त एवं एस.के. माहोर कार्यपालन अभियंता ने एसटीसी/एसटीएम पन्ना द्वारा औचक निरीक्षण करते हुये उप केन्द्र परिसर में साफ-सफाई पर नाराजगी व्यक्त की गई एवं साफ-सफाई हेतु कड़े निर्देश दिये गये साथ ही साथ ही उप केन्द्र धरमसागर में लॉक बुक, ट्रेपिंग रजिस्टर, लोड रजिस्टर, फीडर वाईस ट्रेपिंग रजिस्टर व व्हीआईपी विजिटिंग रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। पन्ना शहर वितरण केन्द्र के एफओसी सेक्सन का भी निरीक्षण किया गया जिसमें एफओसी रजिस्टर में उपभोक्ता शिकायत से संबंधित प्रविष्टियां सही नहीं पाई गई एवं 1912 कॉल सेन्टर से प्राप्त उपभोक्ता शिकायतों का भी निरीक्षण किया गया तथा अधीक्षण अभियंता द्वारा इस संबंध में नाराजगी व्यक्त की गई एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण टाइम लिमिट में करने हेतु दिये निर्देश। निरीक्षण के दौरान पन्ना शहर के सहायक अभियंता के.एस. घोषी, शिवराज सिंह यादव, हकीम खांन एवं देवेन्द्र बागरी कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं लाल बाबू राजपूत सब स्टेशन ऑपरेटर एवं देव सिंह यादव उपस्थित रहे। इस तरह से जहां आज 04.08.2025 को अधीक्षण अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम द्वारा निरीक्षण के साथ ही सुझाव भी दिये गये देखना यह है कि सुधार की दिशा को लेकर अंजाम तय किये जाते है कि नहीं।

# अंधेरे से रोशनी की ओर- दक्षिण पन्ना वन विभाग ने बांटे सोलर लैंप



**पन्ना।**

दक्षिण पन्ना वनमण्डल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलडावर में, जहाँ विगत एक वर्ष से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन कर रहे थे, वन विभाग ने एक सराहनीय कदम उठाया है। ग्राम वन समिति बेलडावर में सोलर लैंप वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे ग्रामीणों के चेहरों पर लंबे समय बाद मुस्कान लौट आई। बिजली की अनुपलब्धता के कारण आदिवासी समुदाय को रात के अंधेरे में भय और असुविधा का सामना करना पड़ रहा था, वहीं बच्चों की पढ़ाई भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए, वनमण्डल अधिकारी के निर्देशन में, उपवनमंडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में एवं पवई वनपरिक्षेत्र अधिकारी श्री नीतेश पटेल के मार्गदर्शन में सोलर लैंपों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम वन समिति सचिव एवं वन रक्षक कपिल वर्मा तथा अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। बेलडावर के साथ-साथ पवई परिक्षेत्र के अन्य ग्राम जैसे मगरपुरा, सुनादर, चौपरा आदि में भी, जहाँ बिजली आपूर्ति नहीं है, वन विभाग द्वारा सोलर लैंप वितरित किए जा रहे हैं। इन सोलर लैंपों से न केवल रात के समय ग्रामीणों के जीवन में रोशनी आई है और बच्चों की पढ़ाई में सुधार होगा, बल्कि अंधेरे में होने वाले सर्पदंश के खतरों से बचाव में भी यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## शास. सांदीपनि विद्यालय पवई में संपन्न हुआ दिव्यांग शिविर

# आधा सैकडा दिव्यांग विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन

### नहीं पहुंचे आंख एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक

**पन्ना।**



शिक्षा विभाग के द्वारा विकासखंड स्तर पर दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन एवं पर्यावरण निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत जिलेभर में दिव्यांग शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिवरों के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों से आए हुए दिव्यांग विद्यार्थियों की जांच,पहचान कर उनका चिकित्सा मूल्यांकन यू डी आई डी सर्टिफिकेट बनाना एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहे हैं। इसी कार्यक्रम के तहत पवई नगर के शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी नम्रता जैन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया गया। शिविर में जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न संकुल केंद्र से लगभग आधा सैकडा दिव्यांग बच्चों को अभिभावक और उनके विद्यालय शिक्षकों के द्वारा लाया गया। जहां सबसे पहले बच्चों का पंजीयन किया गया तत्पश्चात उनकी जांच कर यू डी आई डी प्रमाण पत्र के साथ सहायक उपकरण दिए गए। इस शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। शिविर में ज्यादातर बच्चे आंख एवं हड्डी की समस्या से संबंधित पहुंचे,लेकिन नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ के न आने की वजह से उन्हें निराशा हाथ लगी। बता दें कि शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ओम हरि शर्मा,डॉ डी पी प्रजापति ईएनटी विशेषज्ञ एवं डॉ महिका झा मनोरोग विशेषज्ञ शामिल हुई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के निर्देश पर सहायक नोडल अधिकारी और सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण नगायच के द्वारा आए हुए दिव्यांग बच्चों एवं उनके अविभावकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

## रक्तदान अभियान: ब्रह्मा कुमारीज रक्तदान करें पुण्य कमाएं

# आपका रक्त, जीवन का वरदान

### एक बूंद,अनंत आशीर्वादरू ब्रह्माकुमारी

### रक्तदान केवल दान नहीं मूल्यों का उत्सव ब्रह्माकुमारी

**पन्ना।**



विश्व बंधुत्व दिवस राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी के 18वीं पुण्य स्मृति में 22 से 25 अगस्त 2025 से ब्रह्माकुमारी विद्यालय के सभी सेवा केंद्रो पर विशाल रक्तदान अभियान का भव्य आयोजन किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना में अभियान को सफल बनाने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बहन जी ने रक्तदान की महिमा बताते हुए कहा कि रक्त की कमी एक गंभीर समस्या है दुनिया भर में लाखों लोग रक्त की कमी से पीड़ति है दुर्घटनाएं गंभीर बीमारियां और सर्जरी में रक्त की आवश्यकता होती है रक्त की कमी के कारण कई लोगों की जान चली जाती है रक्तदान करके आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। आगे आपने कहा इस सेवा का मुख्य उद्देश्य केवल रक्त एकत्रित करना नहीं है बल्कि समाज में मानवता,एकता और करुणा जैसे मूल्यों को जागृत करना है यह एक जीवनदान और मूल्यों का उत्सव है। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे श्रीमती निशा जैन पूर्व प्राचार्य श्री सनमत जैन,डॉक्टर किरण सिंह, अजय राय, नम्रता जैन प्रभा पटेरिया एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिला अस्पताल से आए हुए श्री रामनाथ ओमरे लैब टेक्नीशियन ने रक्तदान के बारे में जानकारी दी। अंत में सभी ने इस महान रक्तदान अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रतिज्ञा की एवं सभी ने अपने-अपने विचार रखें। ब्रह्माकुमारी बहन ने जानकारी देती हुई कहां कि रक्तदान अभियान ब्रह्माकुमारीज विद्यालय 22 अगस्त को देवेंद्र नगर,23 अगस्त को पवई एवं 24 को ब्रह्मा कुमारीज पन्ना में रक्तदान अभियान होगा रजिस्ट्रेशन करने के लिए ब्रह्माकुमारी विद्यालय से संपर्क करें।

# नवयुग का उद्घोष- बाल संसद शपथ समारोह में गूंजे राष्ट्रनिर्माण के संकल्प

### सरस्वती शिक्षा परिषद के सौजन्य से भविष्य के भारत का नेतृत्व सँवारते नन्हे सांसद



**देवेंद्रनगर।** विद्या, संस्कृति और राष्ट्रसेवा की त्रिवेणी सरस्वती शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर के विवेकानंद सभागार में आज एक अविस्मरणीय अवसर का साक्षी बना कृ जब बाल संसद के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने पूरे आत्मगौरव और राष्ट्रभक्ति के साथ संसदीय पदों की शपथ ली।इस पावन समारोह में शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती तथा कन्या भारती के प्रतिनिधियों ने न केवल कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प लिया, अपितु भारतीय जीवन मूल्यों की रक्षा हेतु स्वयं को अर्पित करने की शपथ भी ली। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत, प्रधानाचार्य शिवेंद्र नामदेव, समस्त आचार्यगण तथा भैया-बहनों की उपस्थिति ने इस आयोजन को एक प्रेरणादायक राष्ट्रीय चेतना का स्वरूप प्रदान किया।

**बाल संसद - केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला**-सरस्वती शिक्षा परिषद व सरस्वती विद्या भारती की यह अभिनव पहल कृ बाल संसद, केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रयोगशाला है, जहाँ बच्चों को बचपन से ही नेतृत्व, उत्तरदायित्व, संवाद, निर्णय-क्षमता और लोकनीति का व्यवहारिक प्रशिक्षण मिलता है। शिशु भारती से किशोर भारती तक की यह यात्रा, विद्यार्थी के चतुर्दिक विकास की यात्रा है कृ शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समवेत उत्थान। यह संसद विद्यार्थियों को न केवल अनुशासन का पाठ पढ़ाती है, बल्कि उन्हें राष्ट्र, समाज, संस्कृति और पर्यावरण के प्रति सजग नागरिक बनाती है। यहाँ ष्मैंष नहीं, ष्हमष की चेतना जागृत होती है।

**संस्कारों से सशक्त भविष्य की नींव**- आज जब शिक्षा का उद्देश्य केवल प्रमाणपत्र तक सीमित होता जा रहा है, सरस्वती शिशु मंदिर जैसा शिक्षण संस्थान अपने विद्यार्थियों को संस्कार, सेवा, और सृजनशीलता से जोड़कर उन्हें केवल छात्र नहीं, बल्कि संवेदनशील, कर्मठ, और राष्ट्रनिष्ठ नागरिक बनाने में जुटा है। यहाँ की शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। बाल संसद के माध्यम से बच्चों में नेतृत्व की प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारा जाता है। वे प्रधानमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, पर्यावरण मंत्री, अनुशासन मंत्री आदि पदों को संभालते हुए ज़म्मिेदारी और राष्ट्रहित का बोध सीखते हैं कृ यही तो राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की असली पाठशाला है।

### छत-विझिप्त हालत में मिला अज्ञात शव, हत्या की आशंका एसडीओपी गुनौर और एफ एस एल पन्ना सहित थाना प्रभारी एवं पुलिस ने मौके पर की विवेचना



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चाका नाला के पास आज एक लावारिस पुरुष का शव छत-विझिप्त हालत में पाया गया। घटना की सूचना जैसे ही स्थानीय पुलिस को लगी तो पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। घटना के विषय में स्थानीय थाना प्रभारी का कहना है, कि ग्राम चाका नाला के पास एक अज्ञात पुरुष का शव छत-विझिप्त हालत में पाया गया। घटना की जानकारी लगते ही गुनोर एसडीओपी एफएल टीम पन्ना के साथ मौके पर पहुंचे और शव को देखकर अंदाजा लगाया गया कि यह शव यहां पर तकरीबन 10 दिन से पड़ा है। शव के शरीर से कई अंग धड़ से अलग हो चुके हैं और शव में कीड़े भी लग चुके हैं। घटना अत्यंत संदेहजनक प्रतीत हो रही है। ऐसा लग रहा है कि यह पुरुष किसी अन्यत्र स्थान का है और इसके साथ ही आरोपियों द्वारा कोई घटना घटित करके यहां पर फेंका गया है अब मामले में पंचनामा कार्यवाही करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी और पुलिस विवेचना आगे बढ़ेगी। फिलहाल अभी मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### जनसंख्या बाहुल्य ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग की पृथक-पृथक अतिरिक्त लघु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 6 बिस्तर अस्पताल एवं नवीन शासकीय आयुष औषधालय खोले जाने हेतु प्रभारी मंत्री जिला पन्ना इंदर सिंह परमार को एक सूत्रीय डॉ. एम.पी. पाण्डेय

**अमानगंज।** मध्यप्रदेश राजपत्र अधिकारी संघ पन्ना के जिला प्रवक्ता डॉ. एम.पी. पाण्डेय ने प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सहित जिला आयुष अधिकारी पन्ना के नाम संबोधित एक सूत्रीय ज्ञापन में विनम्र अनुरोध किया है कि पन्ना जिले के दूरदराज ग्रामीण अंचल कमताना, गडोखर अकोला, पगरा, सांटा बुद्धसिंह, बिरवाही, ठेपा ठर्रका, सहित विभिन्न एक दर्जन ग्रामों का विधिवत सर्वेक्षण कराकर पृथक-पृथक अतिरिक्त लघु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिस्तर अस्पताल एवं नवीन शासकीय आयुष औषधालय खोले जाने हेतु तत्काल प्रभाव से आदेशित किया जाये। डॉ. पाण्डेय ने उक्त विनय पत्र बीते सप्ताह प्रदेश के ऊर्जावान वरिष्ठ राजनेता पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी के माध्यम से ओजस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री जिला पन्ना इंदर सिंह परमार, सहित बल्लम भवन सचिवालय में पृथक पृथक विनय पत्र भेजकर मार्च अप्रैल 2025 के वित्तीय वजट में प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति आदेश संधारित कराये जाने का निवेदन किया है। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि पन्ना जिले के ओजस्वी कलेक्टर सुरेश कुमार एवं नवनियुक्त जिला आयुष अधिकारी के द्वारा दूरदराज अंचलों का भ्रमण करके आम जन मानस को राहत प्रदान की जा रही है. इसी शिलशिले में पन्ना जिले के पृथक पृथक 10 तहसील मुख्यालय में समग्र विकास से जुडे हुए है. आज की स्थिति में जिला पंचायत पन्ना

# श्रावण के चौथे सोमवार को भक्तों ने पार्थवेश्वर का किया पूजन, जल प्रवाह कर मांगा आशीर्वाद





**अमानगंज**

भक्तों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान शिव की आराधना की। इस अवसर पर भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग (पार्थवेश्वर) का निर्माण कर विधिपूर्वक पूजन-अर्चना कीस्थानीय मंदिरों, घाटों एवं शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भजनों और मंत्रोच्चार के बीच भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, पुष्प आदि से अभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद मांगा। पूजन उपरांत पार्थवेश्वर शिवलिंग का विधिवत जल प्रवाह भी किया गया।श्रद्धालुओं ने व्रत-उपवास रखकर शिवभक्ति में लीन रहकर दिन व्यतीत किया। धार्मिक आयोजनों से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा1

**मढेश्वर धाम बेली हिनौती में हुआ भव्य कावड़ यात्रा का समापन, विशाल भंडारे का हुआ आयोजन**

मढेश्वर धाम बेली हिनौती में श्रावण मास के पावन अवसर पर निकाली गई विशाल कावड़ यात्रा जो अमानगंज बड़े हनुमान जी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुआ और मढेश्वर धाम में भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। श्रद्धालु कावड़ियों द्वारा भगवान शिव को जल अर्पण कर पूजा-अर्चना की गई। यात्रा समापन के उपरांत भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।ज्ञात हो कि यह आयोजन अमानगंज श्री राम समिति द्वारा हर वर्ष कि भांति आयोजित किया गया इस अवसर पर धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। शिवभक्तों ने डमरू, ढोल-नगाड़ों और हर हर महादेव के जयकारों के साथ बाबा भोलेनाथ की आराधना की। आयोजन में ग्रामवासियों व समिति सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 23 सितंबर तक

रीवा । पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा कक्षा 9वीं एवं 11वीं मं प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन 23 सितंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में पाश्र्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य एनके तिवारी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है। आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर है। विद्यार्थियों के चयन के लिए प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जायेगी। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की जन्म तिथि एक मई 2011 से 31 जुलाई 2013 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) तथा कक्षा 11वीं में एक जून 2009 से 31 जुलाई 2011 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) के बीच होनी चाहिए।

### जल निगम अंतर्गत सभी कार्य समानांतर रूप से कराएं : कमिश्नर



रीवा । कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर घर में नल से जल पहुंचाने की प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना को तय समय सीमा में पूरा करें तथा इसके अंतर्गत संचालित सभी कार्य समानांतर रूप से किए जाएं। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के साथ ही इंटेक वेल, पम्पिंग, टंकी निर्माण आदि सभी कार्य समानांतर रूप से संचालित कराए जाएं ताकि जनवरी माह तक कार्यों को पूरा किया जा सके। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा आने पर तत्काल अवगत कराएं। कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन से हर घर में नल से जल पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिन गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है वहाँ निर्धारित की गई जल कर की राशि ग्राम पंचायत के सहयोग से एकत्रित करें। जल उपभोक्ताओं से सतत संवाद रखते हुए पानी की आपूर्ति के संबंध में किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर उसे तत्काल दूर कराएं। समूह नल जल योजनाओं के कार्यों के सहयोग के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की सेवाएं लेते हुए नलजल योजनाओं के संचालन, संधारण, जल कर की वसूली आदि में महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि लोगों को नलजल योजना के पानी के दुरूपयोग न करने के लिए जागरूक करते हुए यह समझाइश दें कि व्यर्थ पानी न बहाएं और पंप आदि से पानी न खींचे ताकि अंतिम छोर तक पाइपलाइन से पानी पहुंच सके। उन्होंने कहा कि आईएसए के माध्यम से सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें ताकि इस योजना को लोग अपनी योजना मानें और नियत राशि देकर कनेक्शन लेते हुए प्रतिमाह जल कर की राशि जमा करें। उन्होंने कहा कि ब्लाक स्तर एवं ग्राम स्तर पर कार्यशालाओं एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। उन्होंने वन क्षेत्र में आने वाले कार्यों को अनुमति प्राप्त होने के बाद तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में पाइपलाइन बिछाने, टंकियों के निर्माण, डब्ल्यूटीपी निर्माण, इंटेक वेल निर्माण, जलशोधन संयंत्र निर्माण, क्लियर वाटर पंपिंग निर्माण सहित अन्य कार्यों की संभागान्तर्गत जिलों में हुई प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, जल जीवन मिशन के जिला प्रबंधक चित्रांशु, सीधी के नीरव अग्रवाल, सतना के विवेक कुमार, सिंगरौली के पंकज बाघवानी, प्रबंधक जन सहभागिता डॉ एनके पचौरी सहित जल जीवन मिशन के अधिकारी-कर्मचारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि तथा आईएसए के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जिले में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस

# समारोह में मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर लेंगे परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज, रीवा।





जिले भर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले भर में स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास और उमंग के साथ मनाया जायेगा। शासन के निर्देशों के अनुसार जिला विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर समारोह आयोजित किये जायेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। समारोह में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन होगा। समारोह में आकर्षक परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन होगा। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से आरंभ होगा। समारोह में जिला पुलिस बल, एसएएफ, नगर सैनिक, औद्योगिक सुरक्षा बल, स्काउट गाइड्स तथा एनसीसी कैडेट द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जायेगी। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन करेंगे। इसी तरह नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में ध्वजारोहण किया जायेगा। सभी शासकीय तथा अशासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में भी प्रातः 8 बजे तक ध्वजारोहण किया जायेगा। शासन के निर्देशों तथा ध्वज संहिता का पालन करते हुए ध्वजारोहण तथा शाम में ध्वज को सम्मानपूर्वक अवरोहित कर सुरक्षित रखने की व्यवस्था करें। सभी शासकीय भवनों में 14 एवं 15 अगस्त की रात में रोशनी की व्यवस्था करायें। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिये नगर निगम एसएएफ मैदान में साफ-सफाई तथा पानी की व्यवस्था करायेगा। कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मैदान के समतलीकरण, वैरिकेटिंग एवं बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिये जनरेटर की व्यवस्था करेंगे। आयुक्त नगर निगम पंडाल, कुर्सी, साफ-सफाई तथा मंच सज्जा की व्यवस्था कराएं। अन्य अधिकारियों को भी स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं उसके अनुरूप समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। समारोह में शामिल दलों का परेड अभ्यास तत्काल शुरू करा दें रक्षित निरीक्षक इसके लिये आवश्यक व्यवस्थायें करें। अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को होगा। जिला शिक्षा अधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां करें। बैठक में कलेक्टर ने माइक एवं साउंड व्यवस्था, मैदान की साज सज्जा तथा बैठक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को सम्मानित किया जायेगा। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रीवा आरटीओ की मऊगंज जिले में स्कूल बसों पर सघन जांच: बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता

रीवा



रीवा आरटीओ ने मऊगंज जिले में स्कूल बसों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सघन जांच अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य स्कूल बसों की भौतिक स्थिति, दस्तावेजों की वैधता और सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना था, ताकि बच्चों की सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा दिया जा सके।अभियान के दौरान, परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा की विशेष टीम ने मऊगंज जिले के विभिन्न स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया। जांच में बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा, चालक के लाइसेंस, स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक चिकित्सा किट और सीट बेल्ट जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा, बसों में ओवरलोडिंग और रूट परमिट की स्थिति की भी जांच की गई।रीवा आर टी ओ ने बताया, ₹हमारा मुख्य उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। स्कूल बसों को सभी सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है। इस अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।₹जांच के दौरान कुछ बसों में कमियां पाए जाने पर चालकों और स्कूल प्रशासन को चेतावनी दी गई, और उन स्कूल संचालकों को साथ ही निर्धारित समय में सुधार करने के निर्देश दिए गए। गंभीर उल्लंघन के मामलों में जुर्माना भी लगाया गया। यह अभियान मध्य प्रदेश सरकार के सड़क सुरक्षा अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत स्कूल बसों सहित सभी सार्वजनिक परिवहन साधनों की नियमित जांच पर जोर दिया जा रहा है। रीवा आरटीओ ने भविष्य में भी इस तरह के अभियानों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है, ताकि सड़क हादसों को कम किया जा सके और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे। आज की चालानी कार्यवाही में चार स्कूल बस एवं छह यात्री बसों पर कार्रवाई करते हुए एक बिना परमिट ट्रक भी जप्त किया गया जिसे परिवहन कार्यालय रीवा में खड़ा कराया गया है।

## शहर मे टैक्सी-टैम्पो स्टैंड शुल्क वसूली पर मचा बवाल, नगर निगम ने ठेकेदार के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर



**रीवा ।** नगर निगम रीवा द्वारा टैम्पो, टैक्सी और अन्य व्यावसायिक वाहनों से स्टैंड शुल्क वसूलने के लिए निजी एजेंसी को दिए गए ठेके में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। वाहन चालकों से तय दरों से कई गुना अधिक रकम वसूलने और दुर्व्यवहार की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद निगम प्रशासन ने कड़ा कदम उठाते हुए एक साथ तीन थानों में मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार, नगर निगम ने स्टैंड शुल्क वसूली के लिए मेसर्स एसडी ग्रुप्स एंड एजेंसी को वार्षिक ठेका दिया था। एजेंसी के प्रोपराइटर शुभम कुमार द्विवेदी निवासी अमहिया बताए गए हैं। लेकिन निगम की तय शर्तों को दरकिनार करते हुए एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा खुलेआम मनमानी की जा रही थी। शिकायतें सामने आने के बाद नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर उपायुक्त की ओर से चोरहटा, अमहिया और समान थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। नगर निगम ने स्टैंड शुल्क के लिए स्पष्ट दरें तय कर रखी हैं टैम्पो और टैक्सी के लिए 5 प्रतिदिन, मिनी ट्रक व ट्रैक्टर (अनाज व सब्जी लाने वाले शुल्क मुक्त) के लिए 10 प्रतिदिन तथा ट्रकों व बड़ी व्यावसायिक गाड़ियों से 20 प्रतिदिन। लेकिन ठेकेदार द्वारा लगाए गए कर्मचारी तय दरों की अनदेखी कर वाहन चालकों से 100 से 200 तक की फर्जी रसीदें जारी कर अवैध वसूली कर रहे हैं। इस संबंध में कई वीडियो और फर्जी रसीदें नगर निगम के पास पहुंची हैं।बॉक्सअनधिकृत स्थानों पर भी हो रही वसूली, ड्रेस कोड और बैच का भी नहीं पालनठेके में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि वसूली केवल नगर निगम द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही की जाएगी। इनमें चोरहटा, सिरमौर चौराहा, नया-पुराना बस स्टैंड, वेकहा तिराहा, रतहरा बायपास आदि स्थान शामिल हैं। साथ ही कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस कोड और पहचान बैच के साथ रहना अनिवार्य था। परंतु ठेकेदार द्वारा न तो ड्रेस कोड का पालन हो रहा है, न ही स्थानों की सीमा। चिरहुला, बदरांव समेत कई अनधिकृत इलाकों में भी वाहन चालकों से अवैध रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं।



## 11 अगस्त को रीवा में न्याय सत्याग्रह, सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

**रीवा।** जिला कांग्रेस कमेटी ने 11 अगस्त को पद्मधर पार्क में न्याय सत्याग्रह' आंदोलन करने का ऐलान किया है। यह कार्यक्रम रीवा सहित पूरे प्रदेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था, नशाखोरी, किसानों की समस्याओं और महिलाओं पर अत्याचार चार जैसे मुद्दों को लेकर होगा। इस संबंध में कांग्रेस कार्यालय उर्रहट में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से कार्यक्रम को लेकर निर्णय लिया गया। शर्मा ने कहा कि न्याय सत्याग्रह कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीत चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं अन्य कई वरिष्ठ नेता करेंगे। ब्लॉक, मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर पर भी व्यापक तैयारियां की जाएंगी, जिनकी अगुवाई ब्लॉक प्रभारियों एवं पूर्व प्रत्याशियों द्वारा की जाएगी। इस दौरान पूर्व मंत्री राजमणि पटेल ने कहा कि अब समय आ गया है सरकार की कमियों को जनता के बीच ले जाने का। सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा भाजपा सरकार केबल कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कर सत्ता बनाए रखना चाहती है। अब समय आ गया है कि हम इसका सशक्त जवाब दे। महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने कहा कि शहर में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और विकास के नाम पर भ्रष्टाचार चरम पर है, जिसके लिए स्थानीय भाजपा के मंत्री जिम्मेदार है। बैठक में शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल, शीला त्यागी, विद्यावती पटेल, एसपीएस तिवारी, कविता पाण्डेय, विमलेन्द्र विमलेन्द्र तिवारी, तिवारी, रमाशंकर सिंह पटेल, रफीक अंसारी, गिरीश सिंह, कुंवर सिंह पटेल, रवि तिवारी, सज्जन पटेल, मंजूलता तिवारी, चंद्रमणि शुक्ला, गोविन्द शुक्ला, बृजभूषण शुक्ला, धर्मेन्द्र तिवारी, वसीम राजा सहित अन्य मौजूद रहे।बॉक्स 17 सितंबर को मनाया जाएगा श्रीयुत शताब्दी पर्वबता दे कि आगामी 17 सितंबर को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्रीनिवास तिवारी की 100वीं जयंती को श्रीयुत शताब्दी पर्व के रूप में महासम्मेलन आयोजित कर मनाया जाएगा। आयोजन भी पद्मचर पार्क में किया जाएगा।

## दो गुटों में गैंग वॉर, वर्चस्व की जंग ने लिया हिंसक मोड़, दो घायल, सामन थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर मोहल्ले की घटना

रीवा।



शहर में नवयुवकों के बीच बढ़ती गुटबाजी अब आमजन के लिए खतरा बनती जा रही है। बीते रविवार की शाम शहर के बीचोंबीच स्थित इंद्रा नगर क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुई खूनी भिड़ंत ने पुलिस-प्रशासन की नींद उड़ा दी है। यह पूरा मामला समान थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्व सांसद स्व. चंद्रमणि त्रिपाठी के आवास के सामने स्थित एक बगीचे का है, जहां पुरानी रंजिश के चलते दो युवाओं के गुटों में जमकर मारपीट हुई। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर सीएसपी राजीव पाठक एवं समान थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रित किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद की जड़ वर्चस्व की लड़ाई है, जिसमें एक गुट ने सोशल मीडिया पर दबदबा कायम रखने के लिए दूसरे पक्ष को ललकारा था। इस हिंसक घटना में दोनों गुटों के लगभग 12 से अधिक युवक शामिल थे। कुछ चेहरे पुलिस के रडार पर हैं और उनकी तलाश की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है। बॉक्स अराजक तत्वों का अड्डा बन चुका है इंद्रा नगर का बगीचाबताया जा रहा है कि यह बगीचा पिछले कई वर्षों से असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। यहां अक्सर देर रात तक शरारती तत्वों की भीड़ जुटती है, जो शराबखोरी से लेकर छोटे अपराधों तक में लिप्त रहते हैं। रविवार को भी एक गुट बुलेट व बाइक पर सवार होकर बगीचे में पहुंचा था, जिसके कुछ ही देर बाद दूसरे गुट के सदस्य फोर व्हीलर से वहां आए। दोनों पक्षों में पहले तीखी बहस हुई, फिर बात मारपीट तक जा पहुंची। चश्मदीदों के अनुसार, कुछ युवकों ने कथित तौर पर हथियार भी लहराए और गोली चलने की भी बात सामने आई, हालांकि पुलिस को घटनास्थल से गोली चलने के कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं।बॉक्स घायल युवक इलाजरत, गोली चलने की पुष्टि नहींदोनों पक्षों के घायल युवक फिलहाल संजय गांधी अस्पताल में इलाजरत हैं। डॉक्टरों की टीम ने प्रारंभिक जांच के बाद गोली लगने की पुष्टि नहीं की है। पुलिस का भी यही कहना है कि गोलीबारी की बात फिलहाल संदिग्ध है और तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल्स और आसपास के चश्मदीदों से पूछताछ के जरिए पूरे मामले की तह तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

## सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक की सभी शिकायतें निराकृत करें : कलेक्टर

### एसडीएम आवास योजना के पात्र व्यक्तियों को जमीन उपलब्ध कराएं

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। आगामी सात दिनों में सीएम हेल्पलाइन में सौ दिन से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कार्यालय प्रमुख स्वयं प्रकरणों का अध्ययन करके उनमें तथ्यपरक उत्तर दर्ज कराएं। मांग आधारित आवेदनों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बंद करें। जुलाई माह की ग्रेडिंग में कोई भी विभाग डी और सी श्रेणी में न रहे। अपर कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन में लंबित भू अर्जन के प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा करके उनका निराकरण कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला श्रम पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा जिला आपूर्ति अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। एल-1 अधिकारी से बिना किसी कार्यवाही के आवेदन आगे जाने पर संबंधित अधिकारी को नोटिस देकर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। जनपद के सीईओ समग्र पोर्टल में हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई केवाईसी 25 अगस्त तक सुनिश्चित करें। ई केवाईसी न होने पर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में शत-प्रतिशत पात्र परिवारों को आवास का लाभ देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के हर पात्र हितग्राही को 15 अगस्त तक आवेदन कराकर आवास योजना से लाभान्वित करें। सभी एसडीएम शहरी क्षेत्र के पात्र परिवारों को आवास के लिए धारणाधिकार अधिनियम अथवा अन्य प्रावधानों से भूमि उपलब्ध कराएं। सभी सीएमओ, तहसील कार्यालय जाकर भूमि संबंधी आवेदनों का निराकरण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में विद्यार्थियों के प्रवेश की समीक्षा की। कलेक्टर ने बड़ी संख्या में स्थान रिक्त रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी एसडीएम छात्रावासों में विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करें। इसमें लापरवाही बरतने वाले जनजातीय कार्य विभाग के अधीक्षकों और अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में वर्षा और बाढ़ की स्थिति पर निगरानी रखें। अतिवृष्टि से हानि होने पर तत्काल प्रकरण दर्ज कर पीड़ितों को राहत राशि उपलब्ध कराएं। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों तथा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिले में फसलों की स्थिति, संचारी रोगों पर नियंत्रण के उपाय, खाद के वितरण तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जाँच के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क नहीं, ठेला बना एंबुलेंस, कीचड़ में फंसे गांव से बीमार बुजुर्ग महिला को पहुंचाया अस्पताल

रीवा ।



जिले के त्योंथर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मदरो की बदहाली एक बार फिर सामने आई है। यहां बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने एक बीमार बुजुर्ग महिला के जीवन को संकट में डाल दिया। सड़क न होने के कारण परिजनों को उन्हें ठेले पर लिटाकर कीचड़ और दलदल से गुज़ारते हुए अस्पताल तक पहुंचाना पड़ा। गांव की 65 वर्षीय पार्वती सिंह की तबीयत दो दिन से गंभीर बनी हुई थी। स्थिति बिगड़ती देख परिजनों ने उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन गांव की जर्जर और दलदली सड़कों के कारण कोई भी वाहन गांव तक नहीं पहुंच सका। मजबूरी में हाथ ठेले का सहारा लेना पड़ा। परिजनों ने करीब एक किलोमीटर तक कीचड़ भरे रास्ते से ठेले को धकेलकर मुख्य सड़क तक पहुँचाया। परिवार ने बताया कि महिला की हालत गंभीर थी, लेकिन सड़क न होने के कारण उन्हें दो घंटे तक संघर्ष करना पड़ा।बॉक्स बरसात में गांव कट जाता है मुख्यधारा सेस्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में मदरो गांव मुख्य मार्ग से कट जाता है। गांव के भीतर साइकिल तक चलाना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में एंबुलेंस या ट्रैक्टर की उम्मीद करना बेमानी है। कई बार मरीजों को चारपाई या ठेले से ही बाहर ले जाना पड़ता है।बॉक्स सीएम हेल्पलाइन में की थी शिकायत, उल्टे धमकी मिलीगांव के ही दीपक सिंह ने बताया कि उन्होंने सड़क निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन कुछ ही दिनों में शिकायत यह कहकर बंद कर दी गई कि सड़क स्वीकृत नहीं है। दीपक का आरोप है कि शिकायत करने के बाद पंचायत के लोगों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया।